# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8514 / 2025 दिनांकः 22 जुलाई, 2025

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक / नोडल अधिकारी 'समर्थ पोर्टल'
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश से सम्बन्धित आनलाईन प्रक्रियाओं को 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से पूरित किये सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

जैसा कि आप विदित ही हैं कि शासन / राजभवन के निर्देशानुक्रम में विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु प्रवेश से सम्बन्धित समस्त प्रक्रियाओं को **'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से पूरित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं तथा तत्सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में JNCURN** जनरेट किये जाने हेतु निर्देशित भी किया जा चुका है।

तत्क्रम में सूच्य है कि 'समर्थ पोर्टल' पर आनलाईन प्रवेश प्रक्रियाओं के समुचित क्रियान्वयन के दृष्टिगत माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार **डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, 'समर्थ पोर्टल', जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया की अध्यक्षता में दिनांकः 24 जुलाई, 2025 को अपराह्न 02:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर के प्रशासनिक भवन अवस्थित जय प्रकाश नारायण सभागार में 'प्रशिक्षण कार्यशाला' का आयोजन किया गया है, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश से सम्बन्धित आनलाईन प्रक्रियाओं को 'समर्थ पोर्टल' पर पूरित कराये जाने की समस्त प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण तथा तत्क्रम में आने वाली समस्याओं का समाधान किया जायेगा।**

तद्नुक्रम में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के **प्राचार्य अपने महाविद्यालय के नोडल अधिकारी–'समर्थ पोर्टल', कम्प्यूटर आपरेटर, 01 लैपटाप** तथा **01 आवेदन पत्र (समस्त विवरण यथा–ईमेल आई0डी0, पासवर्ड एवं समस्त प्रपत्रों सहित)** के साथ निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर आयोजित कार्यशाला में अनिवार्यरूपेण प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

डॉ0(नीलमणि त्रिपाठी)
नोडल अधिकारी,
समर्थ पोर्टल,
विश्वविद्यालय परिसर

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर।
03. डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, 'समर्थ पोर्टल', जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया / सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।
04. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com